web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 27 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 177

## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्ट्रेचर नहीं मिला तो ससुर को चादर से घसीटकर ले गई बहू

**ग्वालियर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर-चंबल अंचल के सबसे बड़े अस्पताल के नाम से पुकारा जाता है, उसमें व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। 397 करोड़ की लागत से बने अस्पताल में मरीजों को स्ट्रेचर भी आसानी से नहीं मिल पाते। हालात यह है कि मरीज की एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए तीमारदारों की मशक्कत करनी पड़ती है। अस्पताल से ऐसा ही एक वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है, जिसमें एक महिला स्वजन मरीज को स्ट्रेचर न मिलने पर चादर पर बैठकर फर्श पर खींचती दिखाई दे रही है। जानकारी के अनुसार साइकिल से गिरने पर महिला के ससुर विपिन ओझा के पैर की हड्डी टूट गई। इलाज कराने के लिए महिला अपने ससुर को लेकर गत दिवस एक हजार अपताल के आर्थोपेडिक विभाग की ओपीडी में पहुंची। आर्थोपेडिक विभाग में डॉक्टर ने परामर्श दिया कि उसे जीएस के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जाए। जब महिला ने ससुर की ओपीडी से बाहर तक ले जाने के लिए स्ट्रेचर की तलाश की तो नहीं मिला। अस्पताल कर्मियों से सहयोग होगा लेकिन निराश हाथ लगी, तो महिला ने अपने साथ लाई चादर पर ससुर को बैठाया और खींच कर उन्हें ओपीडी बिल्डिंग से बाहर तक लेकर गई। फिर आटो कर 800 मीटर दूर जेएएच के ट्रामा सेंटर पहुंची। यहां मौजूद कुछ मरीजों के तीमारदारों ने इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर अपलोड कर दिया।

### पीलीभीत में दहेज के लिए दुष्कर्म व प्रताड़ना के आरोप में आठ पर केस

**पीलीभीत (आरएनएस)।** दहेज के लिए 22 वर्षीय एक महिला को प्रताड़ित करने, दुष्कर्म करने और उसे घर से निकाल देने के आरोप में एक ही परिवार के आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की शादी 12 मई, 2022 को हुई थी। उसके पिता ने उसकी शादी पर 35 लाख रुपये से अधिक खर्च किए, लेकिन उसका पति और ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं हुए और 20 लाख रुपये की मांग की। महिला ने दावा किया कि शादी के तुरंत बाद उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। 25 जून को जब परिवार के अन्य सदस्य बाहर थे तो उसके देवर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। लौटने पर जब उसने अपने पति और सास को आपबीती सुनाई, तो उन्होंने उसे चुप रहने को कहा। महिला ने दावा किया कि उन्होंने गला घोंट कर उसे मारने का भी प्रयास किया, लेकिन वह किसी तरह बच निकली। बाद में परिजनों ने उसके 10 लाख रुपये के जेवरात छीन लिए और घर से निकाल दिया। सुनगढ़ी थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने कहा कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### गोवा में 5.5 किलो गांजा के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**पणजी (आरएनएस)।** गोवा में पुलिस ने 26 वर्षीय एक व्यक्ति को 5.50 लाख रुपये मूल्य का 5.5 किलोग्राम गांजा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान ओडिशा के रहने वाले 26 वर्षीय विजय मल्लिक के रूप में हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, मल्लिक को एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है और जब्त नशीले पदार्थों के स्रोत का पता लगाने के लिए उसका पुलिस रिमांड लिया जा रहा है।

### इसरो की अंतरिक्ष में ऊंची छलांग

## सबसे बड़े एलवीएम-3 रॉकेट ने 36 सैटेलाइट को सफलतापूर्वक किया लॉन्च



**श्रीहरिकोटा (आरएनएस)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 36 वनवेब इंटरनेट उपग्रहों को अंतरिक्ष में लॉन्च और प्रक्षेपित करके इतिहास रच दिया है। भारत के सबसे भारी लॉन्च रॉकेट, लॉन्च व्हीकल मार्क-3 से लो अर्थ ऑर्बिट पर लॉन्च किए गए। सुबह 8.30 बजे से रॉकेट लॉन्च करने की प्रक्रिया शुरू हुई। इन सैटेलाइटों को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया। गौरतलब है कि कुल 643 टन वजनी और 43.5 मीटर लंबा यह प्रक्षेपण यान इसरो का सबसे भारी प्रक्षेपण यान है जो अब तक पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है, जिसमें चंद्रयान-2 मिशन भी शामिल है। ये 36 उपग्रह 5805 टन वजन के हैं।

इसरो ने बताया कि मौजूदा मिशन एलवीएम3-एम3, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) का दूसरा समर्पित वाणिज्यिक उपग्रह मिशन है, जिसे उसके ग्राहक ब्रिटिश कंपनी मैसर्स नेटवर्क एक्सेस एसोसिएट्स लिमिटेड (मैसर्स वन वेब) के लिए चलाया जा रहा है। एलवीएम -3 इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण यान जीएसएलवीएमके -3 का ही नया नाम है जो सबसे भारी उपग्रहों को निश्चित कक्षा में प्रक्षेपित करने की क्षमता रखता है।

गौर हो कि वनवेब सैटेलाइट की बात करें तो यह यूके की संचार कंपनी है। इसमे ब्रिटेन की सरकार के साथ, भारत की भारतीय इंटरप्राइजेज, फ्रांस की यूटेलसैट, जापान की सॉफ्टबैंक, अमेरिका की ह्यूज्य नेटवर्क्स और दक्षिण कोरिया की हनव्हा बड़ी साझेदार हैं। इसका मुख्यालय लंदन में है। इस कंपनी का उद्देश्य दुनियाभर में बेहतर ब्रॉडबैंड सेवा को मुहैया कराना है।

वनवेब ने इसरो के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत 36 उपग्रहों को 26 मार्च को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया गया है। पिछले साल भी इसरो ने कंपनी के 36 सैटेलाइट को स्थापित किया था। कुल 72 सैटेलाइट को लॉन्च करने का करार हुआ है। इसके लिए कुल एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की लॉन्च फीस ली जा रही है। यह इसरो के सबसे बड़े ऑर्डर में से एक है।

## परीक्षण के दौरान कराई गई एएलएच ध्रुव हेलिकॉप्टर की आपात लैंडिंग, बड़ा हादसा टला



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय तटरक्षक बल के एएलएच ध्रुव मार्क 3 हेलीकॉप्टर के फोर्स्ड लैंडिंग की घटना आज कोच्चि में हुई, जब बल के पायलट हेलिकॉप्टर का परीक्षण कर रहे थे। चॉपर करीब 25 फीट की ऊंचाई पर था, तभी उसे फोर्स्ड लैंडिंग करनी पड़ी। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। आईसीजी अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद फिलहाल आईसीजी एएलएच ध्रुव फ्लीट के संचालन को फिर से शुरू करने की दिशा में काम कर रहा है।

बताया जा रहा है कि एएलएच ध्रुव हेलिकॉप्टरों के उड़ान भरने पर लगी रोक को हटाने के लिए इंडियन कोस्ट गार्ड लगातार काम कर रही है। इसी महीने मुंबई तट पर एक दुर्घटना के बाद रक्षा बलों ने एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों के उड़ान भरने पर एहतियाती तौर पर रोक लगा दी गई थी।

रोक लगाने के बाद कहा गया था कि जब तक जांचकर्ताओं को हेलीकॉप्टर दुर्घटना की वजह का पता नहीं चलता है, तब तक ये रोक जारी रहेगी। बता दें कि एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव हेलीकॉप्टर को हिंदुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बनाया है। इसका इस्तेमाल भारतीय तटरक्षक बल के साथ थलसेना, नौसेना और वायु सेना की ओर से किया जाता है।

## दर्दनाक : दिव्यांग बच्चों के इलाज से परेशान पूरे परिवार ने जहर खाकर दे दी जान



**हैदराबाद (आरएनएस)।** हैदराबाद में बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक परिवार के 4 लोगों ने खुदकुशी कर ली। इसमें पति-पत्नी और उनके दो बच्चे शामिल हैं। बच्चों की उम्र 9 साल और पांच साल बताई गई है। पुलिस का कहना है कि अब तक की जांच से ऐसा ही लगता है कि खुदकुशी की गई है। मृतकों के नाम सतीश, वेधा, निशिकेत और निहाल हैं।

बताया जा रहा है कि दंपती ने खुदकुशी के लिए पोटेशियम साइनाइड जैसे तेज जहर का इस्तेमाल किया था। उनके दोनों बच्चे मानसिक दिव्यांग थे। बताया जा रहा है कि अस्पताल के चक्कर लगाकर परेशान थे लेकिन कोई भी पॉजिटिव रिजल्ट नहीं मिल रहा था।

कुशाइगुडा थाने के इंस्पेक्टर पी वेंकटेशवारलू ने कहा कि पता चला है कि दोनों ही बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें थीं। इलाज के बावजूद उन दोनों में कोई सुधार नहीं हो रहा था। परेशान होकर दंपती ने खुद भी जान दी और बच्चों को भी मौत के हवाले कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है एक दिन पहले ही चारों क मौत हुई थी लेक पुलिस को अगले दिन दोपहर में जानकारी मिली। बता दें कि इसी महीने पुणे में एक ऐसी ही घटना हुई थी। यहां 44 साल के एक आईटी प्रोफेशनल ने अपनी 40 साल की पत्नी और 8 साल के बच्चे के साथ खुदकुशी कर ली थी।

## उत्तरकाशी में आकाशीय बिजली गिरने से 350 बकरियों की मौत



**उत्तरकाशी (आरएनएस)।** उत्तरकाशी में मथानाऊ तोक के जंगल में आकाशीय बिजली गिरने के कारण करीब 350 बकरियों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना प्रशासन को दे दी है। रविवार को प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंचेगी, जिसके बाद ही क्षति का आकलन और मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। जहां पर्यटन धनौल्टी में देर शाम को जमकर ओले पड़े, खुमानी, आडु और नाशपति में ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान हुआ। उधर, विकासखंड डुंडा के खट्टखाल गांव के समीप मथानाऊ तोक के जंगल में आकाशीय बिजली गिरने से करीब 350 बकरियों की मौत हो गई।

आपको बता दें कि उत्तरकाशी में बासू क्षेत्र के ग्रामीण ग्रीष्मकाल शुरू होते ही अपनी बकरियां मैदान से पहाड़ी क्षेत्र की ओर ले जा रहे थे। ग्रामीण प्रथम सिंह, रामभगत सिंह और संजीव सिंह की करीब एक हजार से बारह सौ बकरियां मैदानी क्षेत्रों के जंगलों से पहाड़ी क्षेत्रों की ओर आ रही थी। रात को वे तीन ग्रामीण अपनी बकरी लेकर डुंडा के खखाल के समीप मथानाऊ तोक पहुंचे। रात करीब 9 बजे अचानक मौसम खराब हो गया और इस दौरान आसमानी बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से करीब 350 बकरियों की मौत हो गई।

ग्रामीणों ने आसमान से बिजली गिरने और बकरियों की मौत की सूचना भटवाड़ी ब्लॉक प्रमुख विनीता रावत को दी। ब्लॉक प्रमुख विनीता रावत ने जिलाधिकारी और जिला आपदा प्रबंधन विभाग को घटना से अवगत कराया। तहसीलदार डुंडा प्रताप सिंह चौहान ने कहा आसमान से बिजली गिरने की वजह से बकरियों की मौत की सूचना मिली है। टीम वहां का दौरा करेगी।

## राजघाट पर सत्याग्रह में प्रियंका गांधी ने साधा बीजेपी पर निशाना



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राजघाट पर 'संकल्प सत्याग्रह' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर हमला बोला और उन्हें 'कायर' कहा। प्रियंका गांधी ने कहा, यह समय जागने और एकजुट होकर उस भ्रष्ट और अलोकतांत्रिक सरकार का मुकाबला करने का है जो अपने खिलाफ उठ रही हर उस आवाज को खामोश करने की कोशिश कर रही है। पीएसयू बेचे जा रहे हैं, वे राहुल गांधी की संपत्ति नहीं हैं, बल्कि देश की संपत्ति हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि देश के सभी संसाधनों को एक व्यक्ति को बेच दिया जा रहा है और लोग बेरोजगार हो रहे हैं, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर है, लेकिन सरकार हर आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने सरकार को चुनौती दी कि उन्हें जेल में डाल दिया जाए, लेकिन मैं नहीं झुकूंगी। उन्होंने अपने भाई राहुल गांधी का बचाव किया और कहा, जो व्यक्ति भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सद्भाव, एकता की बात कर रहा था, वह ऐसी किसी भी चीज के बारे में बात नहीं कर सकता जो देश के हित में नहीं है।

पहले उन्होंने उन्हें पप्पू कहा, लेकिन वे नहीं जानते थे कि पप्पू कैंब्रिज और हार्वर्ड के शीर्ष विश्वविद्यालयों में पढ़े हैं। और, एक दिन पप्पू बर्फबारी और बारिश में भी लाखों लोगों के साथ चलने लगे, इसलिए उन्होंने फैसला किया उसे संसद से बाहर करो ताकि वह सवाल न कर सके।

उन्होंने कहा, आज से समय बदल जाएगा.. मौजूदा शासन को गिराने के लिए पूरा देश एकजुट होगा, लोगों ने पहले भी निरंकुश शासकों को उखाड़ फेंका है। प्रियंका गांधी ने कहा, मेरे पिता का संसद में अपमान किया गया, मेरे भाई को मीर जाफर जैसे नाम दिए गए। भाजपा के मंत्री संसद में मेरी मां का अपमान करते हैं।

जनता को संबोधित करते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि और अधिक विरोध किया जाएगा और सडक़ों पर उतरने और घमंडी सरकार से लडऩे का समय है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री की पूरी सरकार एक व्यक्ति को क्यों बचा रही है और उनके बीच क्या संबंध है, यह सभी जानते हैं।

### राहुल गांधी की सांसदी जाने के बाद हल्ला बोल, देशभर में कांग्रेस का 'सत्याग्रह'

राहुल गांधी की सांसदी जाने के बाद कांग्रेस ने हल्ला बोल दिया है। पार्टी के कार्यकर्ता देशभर में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। पार्टी के अनुसार, राहुल गांधी के प्रति एकजुटता दिखाते हुए यह 'संकल्प सत्याग्रह' सभी राज्यों और जिलों में महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के सामने हो रहा है। यह सुबह शाम 5 बजे तक चलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस के कई अन्य नेता दिल्ली में राजघाट पर आयोजित संकल्प सत्याग्रह' में शामिल हुए हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस ने सत्याग्रह की इजाजत नहीं दी है। पुलिस ने धारा 144 का हवाला दिया है।

## पीलीभीत में ईंट भट्ठे के गड्ढे में डूबने से 10 साल के बच्चे की मौत



**पीलीभीत (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के दिलावरपुर गांव में पानी से भरे ईंट भट्ठे के गड्ढे में डूबने से 10 साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक शिवम के पिता पप्पू लाल के मुताबिक उनका बेटा खाना खाने के बाद टहलने गया था, लेकिन वह घर नहीं लौटा।

बाद में आधी रात को उसका शव पानी से भरे गड्ढे में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और शिकायत दर्ज कर ली है। अपनी शिकायत में लाल ने आरोप लगाया कि किसान ब्रिक फील्ड के मालिक ने मिट्टी की खरीद के लिए खेत में जेसीबी मशीनें लगाई थीं और अनुमन्य सीमा से अधिक जमीन की खुदाई की थी। गड्ढा गहरा होने के कारण उसमें बारिश का पानी भर गया और उसमें डूबने से उसके बेटे की मौत हो गई। घुंगचाई थाने के एसएचओ, राजेंद्र सिरोही ने कहा, मृतक के पिता ने हमसे मामला दर्ज नहीं करने का आग्रह किया है। इस बीच, स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के लिए ईंट भ_ा मालिक द्वारा लाल को मुआवजे की पेशकश की गई है।

## बवंडर ने मचाई भारी तबाही : 26 लोगों की मौत, सैकड़ों बेघर

**मिसिसिपी।** अमेरिका के मिसिसिपी में आए बवंडर ने भारी तबाही मचाई है। इस आपदा में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं, जबकि सैकड़ों लोग बेघर हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए आशंका जताई कि हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस विनाशकारी बवंडर के पीड़ितों के लिए आपातकालीन सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि इस बवंडर का सबसे ज्यादा असर पश्चिमी मिसिसिपी में करीब 200 लोगों के एक शहर सिल्वर सिटी और 1700 की आबादी वाले रोलिंग फोर्क शहर पर पड़ा है। यह बवंडर इन दोनों पड़ोसी शहरों में करीब 100 मील (161 किलोमीटर) तक भारी तबाही के निशान छोड़ गया।

मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने ट्विटर पर लिखा, 'पिछली रात के विनाशकारी बवंडर से कम से कम 26 मिसिसिपियन मारे गए। हम जानते हैं कि कई और घायल हुए हैं। खोज और बचाव दल अब भी सक्रिय हैं। इन शहरों में नुकसान हमेशा के लिए महसूस किया जाएगा।'

रीव्स ने प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन स्थिति की घोषणा की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह तब तक प्रभावी रहेगा 'जब तक कि सार्वजनिक सुरक्षा के लिए यह खतरा समाप्त नहीं हो जाता।' रोलिंग फोर्क पहुंचे आपदा प्रतिक्रिया संगठन टीम रूबिकॉन के एक स्वयंसेवक जेरेट ब्राउन ने रॉयटर्स को बताया कि इस नुकसान की तस्वीरों से पता चलता है कि तूफान ने कुछ लोगों पर भारी चोट पहुंचाई है। उसने कहा, 'इनमें से कुछ क्षेत्रों में बचने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं था।'

वहीं राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मिसिसिपी की तस्वीरों को 'दिल दहलाने वाला' बताया और एक बयान में कहा कि उन्होंने रीव्स के साथ बात की है और राहत के लिए अपनी संवेदना और सरकार की तरफ से पूरी मदद की पेशकश की है।

बाइडेन ने कहा, 'इन विनाशकारी तूफानों से प्रभावित लोगों के लिए, और अपने साथी अमेरिकियों की मदद के लिए काम कर रहे पहले आपातकालीन कर्मियों के लिए, हम वह सब कुछ करेंगे जो हम कर सकते हैं। जब तक यह होगा हम वहां रहेंगे।

## पीएम मोदी ने मन की बात में नारी शक्ति को किया सलाम



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो प्रसारण 'मन की बात' में नारी शक्ति के अहम योगदान के बारे में बात की। ये नवरात्रि का समय है, शक्ति की उपासना का समय है। आज, भारत का जो सामथ्र्य नए सिरे से निखरकर सामने आ रहा है, उसमें बहुत बड़ी भूमिका हमारी नारी शक्ति की है। हाल-फिलहाल ऐसे कितने ही उदाहरण हमारे सामने आए हैं। आपने सोशल मीडिया पर, एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव को जरूर देखा होगा। सुरेखा एक और कीर्तिमान बनाते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस की भी पहली महिला लोको पायलट बन गई हैं।

फिल्म निर्माता गुनीत मोंगा, जिनकी डॉक्यूमेंट्री 'द एलीफेंट व्हिस्पर्स' ने इस महीने की शुरूआत में ऑस्कर पुरस्कार जीता, का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, इस महीने निर्माता गुनीत मोंगा और निर्देशक कार्तिकी गोंजाल्विस ने अपने डॉक्यूमेंट्री 'द एलीफेंट व्हिस्पर्स' के लिए ऑस्कर जीतकर देश का नाम रोशन किया।

भाभा परमाणु अनुभाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर की साइंटिस्ट बहन ज्योतिर्मयी मोहंती ने भी देश के लिए एक और उपलब्धि दर्ज की है। ज्योतिर्मयी को रसायन विज्ञान और रसायन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आईयूएसी से एक विशेष पुरस्कार मिला है। इस साल की शुरूआत में, भारत की अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम ने टी20 वल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया।

राजनीति में महिलाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, राजनीति को देखें तो नागालैंड में एक नई शुरूआत हुई है। नागालैंड में 75 साल में पहली बार दो महिला विधायक अपनी जीत के साथ विधानसभा पहुंची हैं। उनमें से एक को नागालैंड सरकार में मंत्री भी बनाया गया है, यानी पहली बार राज्य के लोगों को महिला मंत्री मिली है।

पीएम मोदी ने एनडीआरएफ दल की महिला सदस्यों का भी जिक्र किया, जो भूकंप प्रभावित तुर्की में राहत और पुनर्वास कार्य के लिए गई थीं। मोदी ने कहा, भारत ने संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत शांति सेना में केवल महिलाओं के लिए एक प्लाटून भी तैनात किया है। प्रधानमंत्री ने ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी का भी जिक्र किया, जो लड़ाकू इकाई में कमांड नियुक्ति पाने वाली पहली महिला वायु सेना अधिकारी हैं।

मोदी ने भारतीय सेना के कैप्टन शिवा चौहान का भी जिक्र किया, जो सियाचिन में तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। प्रधानमंत्री ने अपने प्रसारण में अंगदान और सौर ऊर्जा के महत्व पर भी प्रकाश डाला।